राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 11 अक्टूबर 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में आयकर गोलम्बर स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए अपनी श्रद्धा निवेदित की।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी लोकनारायण जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

समारोह में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करनेवालों में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक आदि प्रमुख थे।

कार्यक्रम में कई विधायकों, विधान–पार्षदों, विभिन्न सरकारी व गैर–सरकारी तथा सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों, वरीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य जन आदि ने भी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

समारोह में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन तथा भजन व देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये।

....